कुछ अधिकारियों को निलम्बित कर दिया गया है;

(घ) क्या यह सच है कि इन निलम्बित अधिकारियों को अभी तक कोई आरोप-पत्र नहीं दिया गया है;

(ङ) क्या यह सच है कि आरोप-पत्र न दिये जाने के कारण एक आय-कर अधिकारी 28 दिन के पश्चात् मर गया; और

(च) सरकार द्वारा इस मामले में क्या कार्यवाही की जा रही है ?

वित्त मंत्री (श्री शचीन्द्र चौधरी) : (क) जी, हां ।

(ख) हिसार, दिल्ली, बीकानेर, श्रीगंगानगर और कलकत्ता में एक साथ तलाशी ली गई । बोगस फर्मों की बहियां पायी गईं और जब्त कर ली गईं । वकील और उसके सहयोगियों ने यह स्वीकार कर लिया है कि बहियों में की गई प्रविष्टियां जाली हैं । जिन आदमियों ने इन बोगस फर्मों में अपनी छिपायी हुई आमदनी लगायी थी, उन पर कर-निर्धारण के लिए कदम उठाये जा रहे हैं । वास्तव में, उन में से कई आदमियों ने, जिन्होंने अपनी आमदनी छिपायी थी, अपनी आमदनी को कर-निर्धारण के लिये समर्पित कर दिया है ।

(ग) जी, हां ।

(घ) 9-12-1965 तक सभी संबंधित अधिकारियों को आरोप-पत्र दिये जा चुके हैं ।

(ङ) यह सत्य है कि एक आयकर अधिकारी की मृत्यु 29-11-65 को हो गई । परन्तु स्पष्टत: 28 दिन तक आरोप-पत्र न दिये जाने का उसकी मृत्य से कोई सम्बन्ध नहीं है । बताया जाता है कि आयकर अधिकारी मधुमेह व हृदय रोग का रोगी था और स्पष्टत: जांच का उसकी मृत्यु से कोई सम्बन्ध नहीं था ।

(च) अनुशासनिक कार्यवाही चल रही है ।

कैंसर

275. श्री किशन पटनायक :
डा० राम मनोहर लोहिया :
श्री मधु लिमये :
श्री बागड़ी :

क्या स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) क्या कैंसर के उपचार के लिए एक भारतीय वैज्ञानिक ने "जहरिन" नामक औषधि का आविष्कार किया है;

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त औषधि का पूर्ण वैज्ञानिक विश्लेषण किया जा चुका है; और

(ग) क्या यह औषधि उपचार के लिये प्रयोग में लायी जा रही है ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन मंत्री (डा० सुशीला नायर): (क) डा० दुलर्भ के, के० राय ने "जवाहरीन" (न कि जहरिन) नामक एक औषधि निकाली है । कहा जाता है कि यह सड़े हुए आलूओं से निकाले गये एस्पर्जिलस नाइजर के एक स्ट्रेन से निकाला गया एक प्रतिजीवाणु पदार्थ है ।

(ख) "जवाहरीन" का अभी पूरा पूरा वैज्ञानिक विश्लेषण नहीं हुआ है ।

(ग) मानव उपचार के लिये इसका प्रयोग नहीं किया जा रहा है ।

Night Shelters in Delhi

276. Shri R. G. Dubey:
Shri Kolla Venkaiah:
Shri M. N. Swamy:
Shri Laxmi Dass:
Shrimati Vimla Devi:
Shri Vasudevan Nair:
Shri Maheswar Naik:
Shri Yashpal Singh:
Shri S. M. Banerjee:
Shri D. N. Tiwary:
Shri S. C. Samanta:
Shri Subodh Hansda: